केदार पाण्डेय समाज कल्याण संघ, पश्चिम चम्पारण

वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष– 2024–25

केदार पाण्डेय समाज कल्याण संघ संस्था अधिनियम(21)1860 के अन्तर्गत बिहार सरकार के निबंधन विभाग द्वारा निबंधित एक गैरसरकारी संगठन है। यह सामाजिक समस्याओं के समाधान हेतु हमेशा समर्पित भाव से प्रयासरत रहती है। संस्था वित्तीय वर्ष 2024–25 में निम्नलिखित ज्वंलत कार्यक्रमों को सम्पादित करने का प्रयास किया है:–

(1) व्यसनियों का एकीकृत पुनर्वास केन्द्र–नशीले पदार्थ के व्यसन से देश, राज्य, जिला, समाज एवं परिवार को निजात दिलाने के लिए संस्था द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 15 शैया का कल्प–तरु,व्यसनियों का एकीकृत पुनर्वास केन्द्र, बेतिया, पश्चिम चम्पारण (बिहार) में चलाया जा रहा है। अभिभावकों को बताया जाता है कि वे अपने बच्चों के दिनचर्या पर ध्यान दें तथा यदि दिनचर्या में किसी प्रकार की तब्दीली दिखाई दे तो सतर्क हो जायें। उन्हें समझाने का प्रयास करें। सुविधानुसार हमारे संस्था के कार्यकर्ता से सहयोग लें। इस वर्ष व्यसनियों का एकीकृत पुनर्वास केन्द्र में 182 नशीले पदार्थ के व्यसनियों का ईलाज किया गया है। संस्था के कार्यकर्त्ता गोष्ठी करके नशीले पदार्थ के व्यसन से होने वाले समस्याओं के बारे में लोगों को विस्तृत रुप से बताते हैं। संदेशात्मक पर्चा भी बाँटा जाता है। पोस्टर प्रदर्शनी भी लगायी जाती है। इस वर्ष निम्नलिखित स्थानों पर क्रमश – 6.04.2024(गहरी),13.04.2024(खापटोला),20.04.2024(भवानीपुर),27.04.2024 (लौकरिया),04.05.2024(कुलियाखातुन),11.05.2024(गोलाघाट),18.05.2024 (मच्छरगावॉ), 25.05.2024(माधोपुर), 15.06.2024(जौकटिया), 26.06.2024 (सरगहिया), 13.07.2024(नवगावाँ), 27.07.2024(पुजहाँ उतरी पटजिरवा), 03.08.2024(पारसपकड़ी), 10.08.2024(वरिवा), 24.08.2024(भानाचौक, मझौलिया), 31.08.2024(चुहरी), 07.09.2024(देउरआ,लौरिया), 14.09.2024 (लौहरिया), 21.09.2024(खांडा,नौतन), 28.09.2024(धोबनी), 05.10.2024 (सरगहिया़), 19.10.2024(बिरईठ), 26.10.2024(राजाभार) 2.11.2024 (जौकटिया), 09.11.2024(खापटोला), 16.11.2024(लौकरिया), 23.11.2024

(उतरीपटजीरवा), 30.11.2024(भवानीपुर),07.12.2024(रामनगर),14.12.2024 (रामनगर–बनकट),28.12.2024(सिकटा),04.01.2025(रामनगर), 11.01.2025 (माधोपुर), 18.01.2025(भैरोगंज), 25.01.2025(साठी), 01.02.2025(नवलपुर), 08.02.2025(सुगौली), 15.02.2025(नवलपुर), 22.02.2025 (सिसवनिया), 01.03.2025 (भानाचौक), 08.03.2025 (मंगलपुरकला,नौतन), जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

(2) वृद्धों के कल्याणार्थ कार्यक्रम –वृद्धों के समस्या को सर्वोपरी मानकर उन्हें सही तरीके से जीवन जीने के लिए अग्रसर एवं सहयोग करना होगा क्यों कि वे हमारे धरोहर हैं। वृद्ध समस्या ग्रस्त जीवन जीने को मजबूर हैं। वे भूल जाते हैं कि वे भी एक दिन वृद्ध होंगे। समाज एकल परिवार में सिमट गया है। वह पत्नी एवं बच्चों को परिवार मानकर अपने बुजुर्गों को दरकिनार कर दिया है। समाज में वृद्धों की स्थिति बहुत दयनीय है। वृद्धों के समस्या को ध्यान में रखकर संस्था द्वारा डा0 अमरीष सिंह के सहयोग से रामनगर बाजार (दिनांक–12.01.25) में स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिससे 40 वृद्धों ने लाभ उठाया। संस्था द्वारा आवश्यकतानुसार दवा भी मुहैया करवाया गया। साथ–ही–साथ पौष्टिक नास्ता भी उपलब्ध करवाया गया।

(3) व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम – व्यावसायिकरण के दौड़ में हम सबों का कर्तव्य है कि समाज के युवा वर्ग को ज्यादा से ज्यादा व्यावसायिक प्रशिक्षण की ओर अग्रसर किया जाए। वे स्वंय अपना रोजगार शुरू करें जिससे वे स्वंय भी आर्थिक रूप से सुदृढ हों तथा देश को आर्थिक रूप से आत्मर्निभर बनाने में सहभागी बनें। संस्था द्वारा सभी वर्गो के लिए एक व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र चलाया जा रहा है। इस वर्ष 14 युवा एवं युवतियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस केन्द्र में कमप्युटर एवं ब्युटिशियन का प्रशिक्षण दिया जाता है। संस्था के कार्यकर्त्ता उन्हें आवश्यकतानुसार विभिन्नप्रकार के योजनाओं के बारे में बताते रहते हैं जिससे उनके आमदनी में बढोतरी हो सके तथा वे आत्मनिर्भर होकर जीवन जी सकें।

(4) जागरुकता कार्यक्रम – इस वर्ष निम्नलिखित जागरुकता शिविर/कार्यशाला का आयोजन किया गया। सभी जागरुकता/कार्यशाला कार्यक्रम वर्तमान समय के ज्वंलत समस्याओं पर केन्द्रित था –

(क) वातावरण प्रदूषण– दिनांक 5 जुन, 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उच्च विद्यालय पुजहाँ में कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपस्थित शिक्षक, छात्र–छात्राओं, लोगों को पर्यावरण प्रदूषण के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। उन्हें प्रदूषण को कम करने के विभिन्न उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। उनसे अपील की गयी कि वे पाँच पेड़ जरूर लगावें। जिसमें लगभग 113 शिक्षक, छात्र, छात्रा, बुद्विजीवियों ने भाग लिया। इस अवसर पर चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें बच्चों ने पर्यावरण प्रदूषण की समस्या को दर्शाते हुए चित्रांकन किया। अच्छे चित्रांकन में से तीन बच्चों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। कल–कारखानों से भी प्रदूषण बढ रहा है। उस परमानकों के आघार पर रोक लगाने की जरुरत है। सरकारी रोक के साथ–साथ समाज के लोगों का भी कर्त्तव्य है कि वे भी इस समस्या पर गम्भीरता से विचार करें।

(ख) **अन्तर्राष्ट्रीय नशीला पदार्थ रोकथाम तथा अवैध व्यापार निषेध दिवस**– संस्था द्वारा 26 जुन, 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय नशीला पदार्थ रोकथाम तथा अवैध व्यापार निषेध दिवस के अवसर पर एक जागरुकता कार्यक्रम सरगहिया पंचायत के डकही गाँव में आयोजित किया गया। उपस्थित समुदाय को इस दिवस की महत्ता के बारे में सविस्तार बताया गया। उन्हें सजग रहने को कहा गया। जिससे समस्या से ससमय निजात पाया जा सके। जिसमें 91 लाभार्थी सहित गणमान्य सामाजिक कार्यकर्त्ताओं ने भाग लिया। यदि हम ससमय नहीं सम्भले तथा अपने बच्चों पर ध्यान नहीं दिये तो हमारे बच्चे नशा के गिरफ्त में फँस सकते हैं।

(ग) **एड्स–** एड्स दिवस के अवसर पर दिनांक 01 दिसम्बर, 2024 को संस्था द्वारा संस्था के परिसर में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 42 गणमान्य व्यक्तियों तथा समाजसेवियों ने भाग लिया तथा अपने–अपने विचारों को रखा। एड्स विषय पर पोस्टर प्रदर्शनी भी लगायी गयी। संस्था के कार्यकर्ता द्वारा विस्तृत रुप से इस रोग के बारे में बताया गया। यह ऐसी लाईलाज बीमारी है जिससे जागरूकता के द्वारा ही लड़ा जा सकता है। उपस्थित लोगों का सम्मिलित विचार था कि संस्था द्वारा चलाए जा रहे एड्स जागरूकता अभियान में भरपुर सहयोग करेंगे। लोगों के बीच संदेशात्मक पर्चा भी वितरित किया गया।

(घ) **अपारम्परिक ऊर्जा स्रोत–** लोगों को अपारम्परिक ऊर्जा स्रोत के प्रति जागरुक करने के लिए शिविर का आयोजन दिनांक 16 फरवरी, 2025 को लौरिया बाजार में किया गया। अपारम्परिक ऊर्जा की बात आते ही समझ में आने लगता है कि ऐसी ऊर्जा जो पारम्परिक ऊर्जा से अलग है। यानि जिस ऊर्जा के बारे में सभी भली भाँति जानते हैं उस ऊर्जा से अलग ऊर्जा की बात। आज ऊर्जा के बिना किसी कार्य की कल्पना करना भी सोच से परे है। जिस प्रकार से ऊर्जा का खपत बढ़ रहा है उस हिसाब से ऊर्जा का उत्पादन बहुत कम हो रहा है। साथ ही साथ कोयला का भंडार भी सीमित है। इस परिस्थिति में हमें ऊर्जा के अन्य स्रोतों जैसे पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा, गोबर गैस, पनबिजली पर ध्यान देना होगा। पवन एवं सौर ऊर्जा पर ज्यादा ध्यान देने की जरुरत है। जिसमें सौर ऊर्जा सर्वोत्तम है जिसका खत्म होना असम्भव है तथा सबसे सुलभ भी है। इसमें 113 गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

संस्था उपरोक्त कार्यक्रमों के संचालन के साथ–साथ अन्य ज्वलंत समस्याओं के प्रति गहरी सोच रखती है। आवश्यकतानुसार अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से समस्या समाधान की ओर अग्रसर रहती है तथा भविष्य में भी रहेगी।